T. Ram... Copy

## कार्यालय अंचल अधिकारी, बरकट्ठा, हजारीबाग
### आदेश पत्रक

वाद संख्या 12/2025

वाद का प्रकार ऑनलाईन पंजी II में जमाबंदी रैयत का नाम सुधार करने संबंधी

| आदेश की क्रम सं0 एवं तिथि | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई की टिप्पणी |
|---|---|---|
| 30.11.24 | आवेदक रामकृष्ण पाण्डेय पिता बालमुकुन्द पाण्डेय ग्राम बेडोकला थाना बरकट्ठा द्वारा आवेदित किया गया है कि मौजा बेडोकला खाता सं0 36 प्लॉट 2418 रकवा 16डी0 भूमि श्रीमति दमयन्ति देवी पति बद्री पाण्डेय के नाम से जमाबंदी एवं केवाला मे दर्ज है। ऑफलाइन रसीद निर्गत है। ऑनलाइन पंजी II में नाम गलत दर्ज है एवं प्लॉट दर्ज नही है। अतः आवेदक द्वारा उक्त भूमि का ऑनलाइन पंजी II में नाम मे सुधार करने एवं प्लॉट दर्ज करने का अनुरोध किया गया है। आवेदन पत्र के साथ बर्ष 1995-96 का ऑफलाइन लगान रसीद सं0 418080 की छायाप्रति, बर्ष 2024-25 का ऑनलाइन लगान रसीद Receipt no. 0184488577, ऑनलाइन पंजी II की प्रति, केवाला सं0 64 दिनांक 05.01.82 की छायाप्रति संलग्न है।<br>आवेदन पत्र की मुल प्रति अनुलग्नक सहित संलग्न कर जॉच हेतु संबंधित हल्का राजस्व उप निरीक्षक/अंचल निरीक्षक को भेजे। आम इस्तेहार निर्गत करें। अभिलेख दिनांक 30.12.2024 को उपस्थापित करें।<br>(हस्ताक्षर) 30.11.24<br>अंचल अधिकारी<br>बरकट्ठा | |
| | अभिलेख उपस्थापित।<br>संबंधित हल्का राजस्व उपनिरीक्षक एवं अंचल अमीन द्वारा जॉच प्रतिवेदन समर्पित किया गया। आम इस्तेहार का तामिला प्राप्त हुआ। किसी से किसी प्रकार का कोई लिखित/मौखिक आपति प्राप्त नहीं हुआ है। राजस्व उपनिरीक्षक द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि मौजा बेडोकला खाता सं0 36 खेसरा नं0 2418 कुल रकवा 0.53 ए0 भूमि का खतियानी रैयत का नाम खेदन धोबी बगैरह है। ऑफलाइन पंजी II पृष्ठ सं0 353/2 पर खाता सं0 36कुल रकवा 0.16 ए0 का जमाबंदी जयंती देवी पति बद्रीनाथ पाण्डेय के नाम से दर्ज है। ऑफलाइन लगान रसीद बर्ष 2012-13 तक निर्गत है। ऑनलाइन पंजी II पृष्ठ सं0 353/2 पर खाता सं0 36 कुल रकवा 0.16 ए0 का जमाबंदी जयंती देवी का नाम अंकित है। उक्त भूमि सी0एन0टी0 खाता के अन्तर्गत है।अंचल अमीन, संबंधित हल्का राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक द्वारा वर्तमान चालु पंजी II के अनुसार ऑनलाइन पंजी II पर जमाबंदी रैयत का नाम सुधार कर दमयन्ति देवी करने का अनुशंसा किया गया है।<br>अतः संबंधित हल्का राजस्व उप निरीक्षक, अंचल अमीन एवं अंचल निरीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन एवं अनुषंसा के आलोक में मौजा बेडोकला खाता सं0 36 रकवा 16 डी0 भूमि से संबंधित ऑनलाइन पंजी II पृष्ठ सं0 353/2 पर जमाबंदी रैयत का नाम सुधार कर दमयन्ति देवी करने की अनुमति प्रदान की जाती है।<br>लेखापित एवं संशोधित<br>(हस्ताक्षर) 25/1/25<br>अंचल अधिकारी<br>बरकट्ठा<br>(हस्ताक्षर) 25/1/25<br>अंचल अधिकारी<br>बरकट्ठा | |

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अंचल अधिकारी, बरकट्ठा, हजारीबाग।

## आम इश्तेहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकृष्ण पाण्डेय पिता बालमुकुन्द पाण्डेय ग्राम बेडोकला थाना बरकट्ठा द्वारा मौजा बेडोकला खाता सं0 36 प्लॉट सं0 2418 रकवा 16डी0 भूमि से संबधित ऑनलाइन पंजी II भाग वर्तमान 2 पृष्ठ सं0 353 मे दर्ज नाम जयंती देवी को सुधार कर दमयन्ति देवी करने एवं उक्त प्लॉट सं0 2418 दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र समर्पित किया गया है।

उक्त के संबंध मे यदि किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति है, तो मौखिक/लिखित आपत्ति दिनांक 30.12.2024 तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर दर्ज करावे। अन्यथा उक्त मामले का विधिवत् निष्पादन कर दिया जायेगा।

30.11.24

अंचल अधिकारी
बरकट्ठा
30.11.2024

(1) [illegible] 21/69

(2)

Digitally signed by SHRAWAN KUMAR JHA
Date: 2025.08.01 15:04:09 +05:30
Location: 192.168.31.51

Scanned with OKEN Scanner